खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णासाहेब शिंदे) : (क) केन्द्र और राज्य सरकारों के पास पहली फरवरी, 1969 को खाद्यान्नों का प्रत्यक्ष स्टाक लगभग 40 लाख मीटरी टन था ।

(ख) नय खरीफ मौसम की फसल के आने से खाद्यान्नों के मूल्यों में आम तौर पर गिरावट आयी है । मूल्यों में यह गिरावट मौसमी है ।

t[THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, OMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI ANNASAHEB SHINDE) : (a) The physical stocks of foodgrains both with the Centre and State Governments on the ist February, 1969 amounted to about 4 million tonnes.

(b) Generally there has been a fall in prices of foodgrains with the advent of the new kharif season. The fall in prices is seasonal.]

आकाशवाणी के प्रसारण

935. श्री सूरज प्रसाद : क्या सूचना तथा प्रसारण और संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आकाशवाणी से किये जाने वाले प्रसारणों में हिन्दी और अंग्रेजी को बराबर का दर्जा दिया जा रहा है ;

(ख) क्या सरकार प्रादेशिक भाषाओं को भी आकाशवाणी के प्रसारणों में अंग्रेजी के समान दर्जा देने का विचार कर रही है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

t [A. I. R. BROADCASTS

935. SHRI SURAJ PRASAD: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING AND COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Hindi and English are being given equal status in the broadcasts from the All India Radio;

(b) whether Government propose to accord the same status to the regional languages in the broadcasts from the All India Radio as is being given to English; and

(c) if not, what are the reasons therefor?]

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री आई० के० गुजराल) : आकाशवाणी के कार्यक्रमों के हिन्दी कार्यक्रमों को जो कुल समय दिया जाता है वह अंग्रेजी कार्यक्रमों की तुलना में अधिक है ।

(ख) यह बात प्रादेशिक भाषाओं के साथ भी है । प्रादेशिक भाषाओं के कार्यक्रमों को दिया जाने वाला समय अंग्रेजी भाषा के कार्यक्रमों से कहीं अधिक होता है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

t[THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING AND IN THE DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI I. K. GUJARAL): (a) The total time devoted to Hindi programmes in All India Radio broadcasts far exceeds that given to programmes in English.

(b) The same is the case with regional languages. The time devoted to programmes in regional languages is much more than that devoted to programmes in English.

(c) Does not arise.]

ट्रैक्टरों आदि के लिए फालतू पुर्जे

936. श्री राम सहाय : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि कृषि संबंधी ट्रैक्टरों आदि जैसी मशीनरी के लिये फालतू पुर्जे देने के लिए सरकार द्वारा क्या व्यवस्था की गई है?

t[SPARE PARTS FOR TRACTORS ETC.

936. SHRI RAM SAHAI: Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state the arrangements made by Government for the supply of spare parts for agricultural machinery like tractors etc.?]

t[ ] English translation.